मृदुल पत्रिका
समाचार पत्र को समस्त
जिलों एवं तहसील-कस्बों
में संवाददाताओं की
आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों
व समाचार पत्रों की
प्रिन्टिंग की जाती है
सम्पर्क सूत्र
9571039307
(भरत प्रिंटर्स एण्ड
सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 17 मूल्य 2.00 रुपए अंक 33 | जयपुर, शनिवार, 13 सितम्बर, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

डॉ. गौरव और हेमंत रहे हिंदी पखवाड़े के हीरो

सीएसआईआर-सीरी में हिंदी पखवाड़ा की प्रतियोगिताएं संपन्न

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता होंगे सम्मानित

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में हिंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ प्रश्न मंच प्रतियोगिता से हुआ। पखवाड़ा अवधि के दौरान आशु भाषण, वाद-विवाद, प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण, तकनीकी प्रस्तुतीकरण, कविता पाठ (स्वरचित) तथा कविता पाठ (अन्य कवि) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कार्मिकों के साथ प्रशासनिक एवं अस्थायी सहकर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. गौरव पुरोहित और श्री हेमंत शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिकांश प्रतियोगिताओं में बाजी मारी। डॉ. गौरव पुरोहित ने आशु भाषण, वाद-विवाद, प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण और तकनीकी प्रस्तुतीकरण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, हेमंत शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतियोगिताओं में द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ स्थान प्राप्त कर 'पोडियम फिनिश' किया। कविता पाठ के स्वरचित तथा अन्य कवि वर्गों में श्री आलोक मिश्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कुछ नए प्रतिभागियों ने भी प्रतियोगिताओं में जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई।

पखवाड़ा संयोजक एवं वरिष्ठ हिंदी अधिकारी श्री रमेश बौरा ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान तथा वर्ष भर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान में चल रही राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे तथा हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक, वैज्ञानिक, तकनीकी एवं अन्य अनुभागों को राजभाषा चल वैजयंती भी भेंट की जाएगी।